# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 06 जुलाई, 2020

- संयुक्त राज्य अमेरिका का 244वाँ स्वतंत्रता दिवस
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 78
- निमू
- एलिमेंट्स मोबाइल एप

## संयुक्त राज्य अमेरिका का 244वाँ स्वतंत्रता दिवस

## 244th Independence Day of The United States

4 जुलाई, 2020 को संयुक्त राज्य अमेरिका (United States America) का 244वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

## प्रमुख बिंदु:

- 2 जुलाई, 1776 को अमेरिका की '**कॉन्टिनेंटल कॉन्ग्रेस**' (Continental Congress) ने ग्रेट ब्रिटेन से स्वतंत्रता के पक्ष में मतदान किया और दो दिन बाद अर्थात् 4 जुलाई, 1776 को अमेरिका की 13 कॉलोनियों के प्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता के घोषणापत्र को अपनाया जो**थॉमस जैफरसन** (Thomas Jefferson) द्वारा तैयार एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ था।
    - 'कॉन्टिनेंटल कॉन्ग्रेस' (Continental Congress) अमेरिका में 13 उपनिवेशों के प्रतिनिधियों की एक बैठक थी जो'**अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध**' में एकजुट हुई थी।
- अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध (1775–1783) जिसे संयुक्त राज्य में **अमेरिकी स्वतंत्रता युद्ध** या **क्रांतिकारी युद्ध** भी कहा जाता है, ग्रेट ब्रिटेन और उसके 13 उत्तरी अमेरिकी उपनिवेशों के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिससे वे उपनिवेश स्वतंत्र संयुक्त राज्य अमेरिका बने। यह शुरूआती लड़ाई उत्तर अमेरिकी महाद्वीप में हुई थी।
    - इस युद्ध में 13 उत्तरी अमेरिकी उपनिवेशों का साथ फ्राँस ने दिया। जो ग्रेट ब्रिटेन से सप्तवर्षीय युद्ध में हार गया था।

## सप्तवर्षीय युद्ध:

- उत्तरी अमेरिका में 'क्यूबेक' से लेकर 'मिसीसिपी घाटी' तक फ्रांसीसी उपनिवेश फैले हुए थे। इस क्षेत्र में ब्रिटेन और फ्राँस के मध्य आपस में हितों के टकराव जैसी स्थिति उत्पन्न होती थी।
- परिणामस्वरूप वर्ष 1756-63 के बीच दोनों के मध्य 'सप्तवर्षीय युद्ध' हुआ और इसमें ब्रिटेन विजयी रहा तथा कनाडा स्थित फ्राँसीसी उपनिवेशों पर अंग्रेजों का अधिकार हो गया।
- इस युद्ध के परिणामस्वरूप अमेरिका में उपनिवेशों के उत्तर से फ्रांसीसी खतरा समाप्त हो गया। अतः उपनिवेशवासियों की ब्रिटेन पर निर्भरता समाप्त हो गई। इस प्रकार उन्हें ब्रिटेन के विरुद्ध विद्रोह करने का अवसर मिल गया।

---

## भारतीय संविधान का अनुच्छेद 78

## Article 78 of Indian Constitution

5 जुलाई, 2020 को भारत-चीन सीमा पर तनाव, आर्थिक संकट और COVID-19 स्थिति के मद्देनज़र भारतीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को 'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों' पर जानकारी दी।

## प्रमुख बिंदु:

- भारतीय संविधान के तहत प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद के बीच की महत्त्वपूर्ण कड़ी है।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 78** के अनुसार, प्रधानमंत्री द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं-
  1. प्रधानमंत्री केंद्र की प्रशासनिक कार्यवाहियों और विधान से जुड़े प्रस्तावों के संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए निर्णयों से राष्ट्रपति को अवगत कराता है।
  2. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति द्वारा माँगे जाने पर केंद्र की कार्यवाहियों और विधान से जुड़े प्रस्तावों से संबंधित सूचना राष्ट्रपति को उपलब्ध कराता है।
  3. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति द्वारा माँग करने पर किसी विषय विशेष को मंत्रिपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत करता है जिससे संबंधित निर्णय किसी मंत्री द्वारा लिया गया हो किंतु मंत्रिपरिषद ने उस पर विचार न किया हो।

गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा पर तनाव, आर्थिक संकट और COVID-19 स्थिति के मद्देनज़र प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को दी गई जानकारी की पूरी प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 78 के अंतर्गत आती है।

---

# निमू

# Nimu

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में लेह (Leh) के पास निमू (Nimu) में भारतीय सैनिकों को संबोधित करते हुए गलवान घाटी को लेकर हुए हिंसक टकराव में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

//



## प्रमुख बिंदु:

- निमू या निम्मू लद्दाख का एक छोटा सा गाँव है जो केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के दक्षिण-पूर्व भाग में लेह ज़िले से लगभग 45 किलोमीटर दूर अवस्थित है।
- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 1100 लोगों की आबादी वाला निमू गाँव, सिंधु एवं ज़ास्कर नदियों के संगम पर अवस्थित है।

## निमू: एक पर्यटन केंद्र:

- यह एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र है क्योंकि यहाँ सिंधु एवं ज़ास्कर नदियों का संगम स्थल भी है।
- इसके अलावा निमू को सिंधु नदी पर होने वाले प्रसिद्ध 'अखिल भारतीय राफ्टिंग अभियान-दल' (All India Rafting Expedition) के शुरुआती बिंदु के रूप में जाना जाता है।
- अल्ची (Alchi), लिकिर (Likir) और बास्गो (Basgo) मठ और 'पाथर साहब गुरुद्वारा (Pathar Sahab Gurudwara) निमू के आसपास ही अवस्थित हैं।
- **मैगनेट हिल** (Magnet Hill) एक ग्रैविटी डेफायिंग रोड (Gravity Defying Road) है जो निमू से 7.5 किमी. दक्षिण-पूर्व में अवस्थित है।

## मैगनेट हिल (Magnet Hill):

- मैगनेट हिल (Magnet Hill) को **एंटी-ग्रैविटी हिल** भी कहा जाता है। यह एक ऐसी जगह है जहाँ आसपास की भूमिका परदृश्य एक ऑप्टिकल भ्रम (Optical Illusion) पैदा करता है अर्थात् यहाँ थोड़ी सी ढलान से आगे देखने पर ऊपर की ओर एक अन्य ढलान दिखाई देती है।

- यहाँ एक पनबिजली संयंत्र है जिसे **निमू-बाज़गो बाँध** (Nimu-Bazgo Dam) के रूप में जाना जाता है।
- जुलाई एवं सितंबर के मध्य का समय निमू की यात्रा के लिये आदर्श होता है क्योंकि तब यहाँ मौसम काफी सुखद होता है।

## निमू: सामरिक महत्त्व का केंद्र:

- समुद्र तल से 11000 फीट की ऊँचाई पर करगिल के पास अवस्थित निमू ने वर्ष 1999 के भारत-पाक युद्ध के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
    - जब पाकिस्तान ने करगिल पर हमला किया तो निमू गाँव ने भारतीय सेना की मदद की जिससे ऊँचाई पर होने के बावजूद लोगों की मदद से संसाधनों को जुटाने में बहुत कम समय लगा था।

---

# एलिमेंट्स मोबाइल एप

# Elyments Mobile App

हाल ही में भारतीय उपराष्ट्रपति ने ‘आत्मनिर्भर भारत अभियान’ के तहत स्वदेशी सोशल मीडिया मोबाइल एप ‘**एलिमेंट्स**’ (Elyments) लॉन्च किया।




## प्रमुख बिंदु:

- यह एक व्यापक सोशल नेटवर्किंग एप है।
- इस एप को बनाने में 1,000 से अधिक आईटी पेशेवरों ने अपनी भूमिका निभाई।
- यह एप 8 प्रमुख भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा।
- यह एप, iOS एवं Android दोनों प्लेटफॉर्मों से डाउनलोड किया जा सकता है।
- इस एप के उपयोगकर्त्ता को चैटिंग करने के साथ-साथ ई-कॉमर्स की सेवाएँ भी मिलेंगी। इसके अलावा इस एप में उपयोगकर्त्ता के डेटा को सुरक्षित रखने के लिये ‘एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन’ जैसी सुविधाएँ भी दी गई हैं।

गौरतलब है कि इस एप के वर्चुअल लॉन्च पर बोलते हुए भारतीय उपराष्ट्रपति ने नवोन्मेष एवं उद्यमशीलता के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का आह्वान किया ताकि प्रत्येक भारतीय को ‘लोकल’ इंडिया को ‘ग्लोकल’ इंडिया (‘Local’ India Into ‘Glocal’ India) में बदलने के लिये ‘आत्मनिर्भर भारत अभियान’ को अपनाने का आग्रह किया जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-06-july-2020